मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-103
19/02/2025

# मुख्यमंत्री ने रोहतास जिले को दी 1378 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 1220 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 19 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेलाढ़ी परिसर से रोहतास जिला के लिये 1378.45 करोड़ रुपये की कुल 1220 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्‌घाटन एवं शिलान्यास किया, इसमें 1110.23 करोड़ रुपये की 971 योजनाओं का शिलान्यास और 268.22 करोड़ रुपये की 249 योजनाओं का उद्‌घाटन शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी प्रखंड में 4973.33 लाख रुपये की लागत से करमचट इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब योजना, ग्राम बादलगढ़ में 271.16 लाख रुपये की लागत से बोट हाउस कैंप योजना एवं दिनारा प्रखंड में 1489.33 लाख रुपये की लागत से भलुनी धाम इको पार्क योजना का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। अधिकारियों ने साइट प्लान और मॉडल के माध्यम से शिलान्यास किए गए इन योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने दुर्गावती इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान हॉट एयर बैलून तथा आदिवासी जनजाति विकास समिति द्वारा साल के पत्तों से दोना एवं प्लेट के निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। महुआ आधारित मिठाई निर्माण प्रक्रिया का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री के समक्ष रोहतास जिले के विकास पर आधारित लघु वृत्तचित्र 'रोहतास ट्रांस्फॉरमेशन जर्नी' प्रदर्शित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लाभुकों को मुख्यमंत्री निजी अन्य प्रजाति पौधशाला प्रोत्साहन राशि हेतु 3 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। स्थानीय महिलाओं ने पारम्परिक नृत्य एवं स्वागत गीत गाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने चेनारी प्रखंड के मलहीपुर पंचायत में ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने आर0टी0पी0एस0 काउंटर, पुस्तकालय, डाकघर, संवाद कक्ष एवं सुधा मिल्क पॉर्लर का शुभारंभ किया। जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत सौंदर्यीकृत कराए गए तालाब एवं पंचायत सरकार भवन परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने मलहीपुर ग्राम का भ्रमण कर कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया, इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। मलहीपुर पंचायत में निर्मित कराए गए बैंडमिंटन कोर्ट का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया इस दौरान खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान किया। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के 2121 लाभार्थियों को परिसंपत्ति सृजन हेतु 10.85 करोड़ रुपये का आर्थिक सहयोग का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती प्रमाणपत्र, सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत बकरी फार्म हाउस की चाबी, सतत् जीविकोपार्जन योजना (शहरी) अंतर्गत डिटर्जेंट मेकिंग यूनिट की चाबी, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की चाबी, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का

सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत ट्राई साइकिल की चाबी, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुस्लिम तलाकशुदा/परित्याक्ता महिलाओं हेतु सहायता योजना, जीविका स्वयं सहायता समूह मलहीपुर के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। स्टॉल अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे बिहार में आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो कई जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह के कार्यों को देखे थे। बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2005 में जब बिहार में हमलोगों की सरकार बनी तब हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने का निर्णय लिया। इसके लिये वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर पूरे बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम शुरू किया गया। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका किया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को जीविका दीदी कहा। उस समय की केंद्र सरकार ने हमलोगों के इस कार्य से प्रेरित होकर देशभर में आजीविका नाम से इस योजना को शुरू किया। हम बिहार में जहां कहीं भी जाते हैं जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं। बिहार में अब तक कुल 1 करोड़ 35 लाख से अधिक जीविका दीदियां स्वयं सहायता से जुड़ चुकी हैं। अब हमलोग बिहार के शहरी क्षेत्रों में भी जीविका समूह का गठन करा रहे हैं। अब तक साढे तीन लाख से अधिक जीविका दीदियों की संख्या शहरी क्षत्रों में हो गई है। आपलोगों को हर प्रकार से सरकर मदद पहुंचा रही है। आपकी जो भी समस्याएं होती हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाता है। जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, हम चाहते हैं कि इनके कार्यों का और अधिक विस्तार हो। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत मलहीपुर में पंचायत सरकार भवन के समीप 9.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक पशु शेड, बैडमिंटन कोर्ट, 9.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल मैदान तथा 9.89 लाख रुपये की लागत से निर्मित तालाब का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सामुदायिक पशु शेड का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के 321 लाभार्थियों को डेयरी उद्यम के लिए 1.6 करोड़ रुपये के आर्थिक सहयोग का सांकेतिक चेक, देशी गौ–पालन प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। जीविका दीदियों द्वारा संचालित घी प्रसंस्करण इकाई का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने संझौली प्रखंड के ग्राम बाजितपुर में कॉव नदी पर प्रस्तावित पुल के निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम घुसियॉखुर्द में इंटीग्रेटेड फार्मिंग एवं उत्कर्ष बायोफ्यूल प्लांट का मुख्यमंत्री ने भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत नवनिर्मित जिला पंचायत संसाधन केंद्र, सासाराम के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इसकी प्राक्कलित राशि 500 लाख रुपये है। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत संसाधन केंद्र, सासाराम का निरीक्षण कर वीडियो कॉन्फ्रिंग कक्ष, प्रशिक्षण कक्ष आदि में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेलाढ़ी के परिसर में रोहतास जिला अंतर्गत विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। विद्यालय प्रांगण में आत्मरक्षा हेतु जुडो–कराटे की प्रशिक्षण ले रही छात्राओं से मुख्यमंत्री ने बातचीत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में स्थापित 3–डी लैब (सौर्यमंडल) का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। राजकीय मध्य विद्यालय

बेलाढ़ी के छात्र–छात्राओं द्वारा भारत के अंतरिक्ष उड़ान पर आधारित बनाए गए प्रोजेक्ट से संबंधित स्टॉल का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने डिस्ट्रीक्ट पंचायत रिसोर्स सेंटर (डी0पी0आर0सी0), बेदा (सासाराम) में प्लस 2 बेलाढ़ी उच्च विद्यालय के नवनिर्मित प्रयोगशाला का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् प्रयोगशाला का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिला के प्रभारी मंत्री श्री जयन्त राज, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, श्रम संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह, विधायक श्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधान पार्षद श्री जीवन कुमार, विधान पार्षद श्रीमती निवेदिता सिंह, पूर्व मंत्री श्री जय कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्री वशिष्ठ सिंह, पूर्व विधायक श्री सत्यनारायण यादव, पूर्व विधायक श्री ललन पासवान, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन, परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रौशन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******